JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

# संकलित परीक्षा - I (2014)

A0L52DC

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा - X

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ**।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड-क

### ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** 12

केरल नारियल का प्रदेश है। केरल की भाषा में एक शब्द है — 'केरतल', जिसका अर्थ है - नारियल की भूमि। इस 'केरतल' का केरल हो गया है। नारियल और ताड़ के वृक्षों के झुरमुटों, काजू के बगीचों और उनके बीच-बीच में मीलों लम्बे सरोवरों के कारण केरल के वृक्ष बड़े मोहक लगते हैं। इन सरोवरों में और तट के समुद्र में छोटी-छोटी नौकाएँ लेकर गीत गाते हुए बच्चों और स्त्री-पुरुषों को देखकर ऐसा लगता है मानो हम परियों के देश में आ गए हों। इस प्रदेश का प्राकृतिक सौंदर्य अनुपम है। नारियल केरल का कल्पतरु है। इससे यहाँ पर अनेक उद्योग-धंधे चलते हैं। नारियल की रस्सियाँ, चटाइयाँ और झाड़ू दूर-दूर तक जाती हैं। इसकी जटा से गद्दे भरे जाते हैं। इसी प्रकार काजू भी केरल की मुख्य उपज है। यहाँ के नारियल और काजू के व्यापार से हमारे देश को विदेशों से बहुत धन मिल जाता है। 'ओनम' यहाँ का प्रसिद्ध त्योहार है। 'ओनम' अगस्त-सितंबर में मनाया जाता है। जनश्रुति के अनुसार इन दिनों पुराणों में वर्णित राजा महाबलि इस लोक में अपनी प्रजा से मिलने आते हैं। उनके स्वागत में लोग घर सजाते हैं, प्रकाश करते हैं। इस त्योहार का सबसे आकर्षक और मनोरंजक अंग है— नावों की दौड़।

(i) केरल को नारियल का प्रदेश क्यों कहा गया है?

(ii) केरल के वृक्ष मोहक क्यों लगते हैं?

(iii) परियों के देश का आभास क्यों होता है?

(iv) नारियल को केरल का कल्पतरू क्यों कहते हैं?

(v) देश के विकास में नारियल और काजू की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(vi) 'ओनम' केरल में क्यों और कैसे मनाया जाता है?

2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए — 8

बहुत ऊँचे पहाड़ पर,
पेड़ नहीं उगते,
पौधे नहीं लगते,
न घास ही जमती है।
जमती है सिर्फ़ बर्फ़,
जो, कफन की तरह सफेद और
मौत की तरह ठंडी होती है।
खेलती, खिल-खिलाती नदी,
जिसका रूप धारण कर,
अपने भाग्य पर बूँद-बूँद रोती है।
ऐसी ऊँचाई,
जिसका परस
पानी को पत्थर कर दे,
ऐसी ऊँचाई,
जिसका दरस हीन भाव भर दे,
अभिनंदन की अधिकारी है,
आरोहियों के लिए आमंत्रण हैं।
उस पर झंडे गाड़े जा सकते हैं,
किन्तु कोई गौरैया,

वहाँ नीड़ नहीं बना सकती,
न कोई थका-माँदा बटोही,
उसकी छाँव में पलभर पलक ही झपका सकता है।
सच्चाई यह है कि
केवल ऊँचाई ही काफी नहीं होती,
सबसे अलग-थलग,
परिवेश से पृथक,
अपनों से कटा-बँटा,
शून्य में अकेला खड़ा होना,
पहाड़ की महानता नहीं,
मज़बूरी है।
ऊँचाई और गहराई में
आकाश-पाताल की दूरी है।

(i) बहुत ऊँचे पहाड़ पर जीवन क्यों संभव नहीं है ?

(ii) पहाड़ पर जमी बर्फ की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ?

(iii) ऐसी ऊँचाई हीनभाव कैसे करती है? उसके उपयोग क्या हैं?

(iv) आशय स्पष्ट कीजिए -'केवल ऊँचाई ही काफ़ी नहीं होती'।

## खण्ड-ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण )

| | | |
|---|---|---|
| 3 | निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-<br>(i) घर जाकर पढ़ाई करना मत भूलना।<br>(संयुक्त वाक्य में)<br>(ii) राजू हिन्दी पढ़ने के लिए शास्त्री जी के घर गया।<br>(मिश्र वाक्य में)<br>(iii) घंटी बजती है तो सभी छात्र कक्षा में आ जाते हैं।<br>(सरल वाक्य में) | 3 |
| 4 | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :<br>(क) कृपया मेरे घर आने की कृपा करें।<br>(ख) केवल मेज पर दो पुस्तकें हैं।<br>(ग) क्या आपने भोजन किए हैं।<br>(घ) तुम तुम्हारे घर चले जाओ। | 4 |
| 5 | (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए-<br>चतुर्भुज, उद्योगपति<br>(ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-<br>मन से गढ़ी हुई।<br>अश्रु लाने वाली गैस। | 4 |
| 6 | (क) शब्द कब पद बनता है ?<br>(ख) आज अच्छा <u>दिन</u> है।<br>(रेखांकित को शब्द कहेंगे या पद ) | 2 |
| 7 | निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए – | 2 |

टाँग अड़ाना, लाल-पीला होना।

## खण्ड-ग
## ( पाठ्य-पुस्तक )

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

8(i) **बंगाल के नाम पर क्या कलंक था और वह कसे धुला? 'डायरी का एक पन्ना' नामक पाठ के आधार पर लिखिए?** 2

(ii) **'तीसरी कसम' ने राजकपूर को किस तरह ऊँचाई प्रदान की ?** 2

(iii) **छोटे भाई के चुप हो जाने पर बड़े भाई साहब उसका स्वागत किस तरह के शब्दों में करते थे ?** 1

9 **'तताँरा वामीरो कथा' के आधार पर 'पशु-पर्व' का आयोजन क्यों और किस प्रकार किया गया था? उस दिन वहाँ क्या घटना घटी ? लिखिए।** 5

10 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)** 5

सालाना इम्तिहान हुआ। भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया। मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ- 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मज़े से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान् भी बढ़ा। भाई साहब का वह रोब मुझ पर न रहा। आजादी से खेलकूद में शरीक होने लगा। दिल मज़बूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा- 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया। मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था। भाई साहब ने इसे भाँप लिया-उनकी सहज बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली और मुझ पर टूट पड़े।

(1) छोटा भाई क्या कह देना चाहता था ? वह क्यों न कह सका ?

(2) छोटे भाई की हिम्मत क्यों बढ़ गई ?

(3) छोटे के कुछ न जताने पर भी बड़ा भाई क्या समझ गया ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

11(i) लाखों ग्रंथ पढ़ने पर भी कबीर की दृष्टि में लोग पंडित क्यों नहीं बन पाते हैं? 2

(ii) कवि पंत ने पर्वत को मेखलाकार क्यों कहा है? 2

(iii) मीरा वृंदावन की कुंज-गली में ही गोविन्द लीला का गान क्यों करना चाहती हैं? 1

12 1857 की तोप को कवि ने प्राचीन विरासत क्यों कहा है ? और इसके साथ ही किसकी प्राचीनता का वर्णन किया गया है ? कवि ने इसकी सांज-सँभाल के बारे में क्या व्यंग्य किया है ? 5

13 पुजारी द्वारा हरिहर काका के घर की बातें सुनकर ठाकुरबारी के महंत के कान खड़े हो जाने को आप उसकी किस प्रवृत्ति का द्योतक मानते हैं? ऐसी स्थिति में आपकी समझ में उनका क्या कर्तव्य होना चाहिए था? 5

## खण्ड-घ
## (लेखन)

**दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 14(i) | हमारा प्यारा भारतवर्ष<br>• भारत का गौरवशाली अतीत<br>• प्राकृतिक सौन्दर्य<br>• महान उपलब्धियाँ | 5 |
| (ii) | अनुशासन का बदलता रूप<br>• अनुशासन का अर्थ<br>• आवश्यकता<br>• जीवन में सुख का आधार | 5 |
| (iii) | गया समय फिर हाथ नहीं आता<br>• समय ही जीवन है।<br>• समय का सदुपयोग<br>• दुरूपयोग से हानि | 5 |
| 15 | अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए ज़िलाधिकारी को एक पत्र लिखिए। | 5 |
| 16 | शीतकाल में विद्यालय का समय प्रात: 7.30 की बजाय 8.00 से 2.30 अपराह्न तक कर दिया गया। शीतकालीन गणवेश भी 1 नवम्बर से पहनना अनिवार्य होगा। इस तरह की सूचना सूचना-पट के लिए लिखिए। | 5 |
| 17 | बस से उतरने की हड़बड़ाहट में आप अपने सहयात्री को धक्का दे बैठते हैं जिससे उसका सामान गिर जाता है। इस स्थिति पर अपने सहयात्री से मॉफी माँगते हुए उसके और आपके बीच हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 18 | आपके विद्यालय 'सहज पब्लिक स्कूल' को एक अनुभवी हिन्दी अध्यापक की तत्काल ज़रूरत है। 15 सितम्बर रविवार को सीधे साक्षात्कार के लिए बुलाने का विज्ञापन दीजिए। योग्यता एम.ए.बी.एड. व शिक्षण का अनुभव। | 5 |